दिनांक 15 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सहायता केंद्र की हुई स्थापना

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर निगम प्रशासन का उद्देश्य घर का पानी घर में , वार्ड का पानी वार्ड में , मोहल्ले का पानी मोहल्ले में और शहर का पानी शहर में रहे को लेकर लगातार वाटर हार्वेस्टिंग के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके संबंध में विभिन्न कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है !

वाटर हार्वेस्टिंग के नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सभी घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा चुकी है निरंतर गिरते भूगर्भ जलस्तर के कारण गर्मी के दिनों में क्षेत्र के बोर सूखने की स्थिति में हो रही बढ़ोतरी से इनकार नहीं किया जा सकता! इससे लोगों को गर्मी में पानी हेतु काफी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है इसके स्थाई समाधान के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाना ही होगा! रेन वाटर हार्वेस्टिंग के विस्तृत जानकारी एवं तकनीकी सलाह के लिए रेलवे स्टेशन कोसा नाला के पास नवनिर्मित बस डिपो में एक निशुल्क सहायता केंद्र प्रारंभ किया गया है जहां पर प्रति सोमवार एवं बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक रवि सिन्हा सहायक अभियंता दूरभाष क्रमांक 93028 93104 तथा मधुर चितलांगिया विषय विशेषज्ञ 94242 20800 उपलब्ध रहेंगे!

इसके अतिरिक्त यदि कोई भी व्यक्ति रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराना चाहते हैं तो मैसर्स रणजीत दूरभाष क्रमांक 99077 72681, मैसर्स मानसिंह दूरभाष क्रमांक 992676 5406, मैसर्स आर.के. तिवारी दूरभाष क्रमांक 9039 0600 26 मेसर्स राजेश यादव दूरभाष क्रमांक 9 13139 5280, मैसर्स दीपराज दूरभाष क्रमांक 88789 20019, कनक महिला सहायता समिति रिसाली दूरभाष क्रमांक 883 992 6823, स्तुति फाउंडेशन दुर्ग दूरभाष क्रमांक 777 1999 9 24, आनंद एजुकेशन सोसायटी भिलाई दूरभाष क्रमांक 6260 674 751, मां शताक्षी स्व सहायता समूह दूरभाष क्रमांक 6264 191 978, अंजन स्व सहायता समूह दूरभाष क्रमांक 6266 145 239, श्रद्धा सुमन महिला स्व सहायता समूह दूरभाष क्रमांक 80 8529 2422 ,संस्कार महिला ग्राम संगठन दूरभाष क्रमांक 6261 829 881, उपासना महिला स्व सहायता समूह दूरभाष क्रमांक 91741 84077, सौभाग्य महिला स्व सहायता समूह दूरभाष क्रमांक 8839 411014, आनंद एजुकेशन सोसायटी भिलाई दूरभाष क्रमांक 6260 674 751 तथा 93409 46369 पर संपर्क कर स्वयं के व्यय से निर्माण करा सकते हैं!

जनसम्पर्क अधिकारी

’’जल है तो कल है’’ ’’जल ही जीवन है’’